INDIAN SCHOOL SOHAR — SET-1

PERIODIC TEST -1 (2023 -24)

SUBJECT- HINDI

CLASS: VI — MAX. MARKS: 20

DATE:25/05/2023 — TIME:40 MINUTES

---

सामान्य निर्देश: 1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं - खंड 'क' और खंड 'ख'।
2. कुल प्रश्नों की संख्या नौ है।
3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

---

## खंड 'क'(व्याकरण )

**निम्नलिखित प्रश्नों में से सही उत्तर वाले विकल्पों को छाँटकर लिखिए।**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? (1)**

(क) माता जी खाना बना रहे हैं। (ग) माता जी खाना बना रही हैं।

(ख) माता जी खाना बना रहा हैं। (घ) माता जी ने खाना बना रही हैं।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्ण-विच्छेद वाला विकल्प चुनिए। (1)**

(क) ध्+अ+य्+आ+न्+अ =ध्यान (ग) प्+ॠ+थ्+अ+व्+ई=पृथ्वी

(ख) ग्+आ+व्+अ =गाँव (घ) च्+अ+म्+अ+न्+अ=चमन

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? (1)**

(क) तुम्हारा थैला बहुत भारी है। (ग) तुम्हारा बोलना मेरे को पसंद नहीं।

(ख) बच्चे छत में खेल रहे हैं। (घ) लड़का ने पत्र लिखा।

**प्रश्न 4. 'आज्ञा' शब्द का शुद्ध वर्ण-विच्छेद वाला विकल्प चुनिए। (1)**

(क) अ+अ+ज्ञ्+आ (ग) आ+ग्+य्+आ

(ख) आ+ग्+ञ+आ (घ) आ+ज्+ञ्+आ

**प्रश्न 5. 'आसमान और नभ' किस शब्द के पर्यायवाची हैं? (1)**

(क) सूरज (ग) बादल

(ख) आकाश (घ) चाँद

## खंड 'ख' (साहित्य)

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (3)**

(क) आश्वासन (ख) मरज़ (ग) गोकि

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। (2)**

**(क) बदलाव (ख) बचपन**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प वाले उत्तर लिखिए। (4)**

**हम भाई-बहनों की ड्यूटी लगती शिमला माल से ब्राउन ब्रैड लाने की । हमारा घर माल से ज़्यादा दूर नहीं था। एक छोटी-सी चढ़ाई और गिरिजा मैदान पहुँच जाते। वहाँ से एक उतराई उतरते और माल पर। कन्फ़ेक्शनरी काउंटर पर तरह-तरह की पेस्ट्री और चॉकलेट की खुशबू मनभावनी। हमें हफ़्ते में एक बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी। सबसे ज़्यादा मेरे पास ही चॉकलेट-टॉफी का स्टॉक रहता।**

**(i) लेखिका के भाई-बहनों की ड्यूटी किसलिए लगती थी?**

**(क) चॉकलेट लाने के लिए (ग) ब्राउन ब्रैड लाने के लिए**

**(ख) पेस्ट्री लाने के लिए (घ) घूमने के लिए**

**(ii) 'खुशबू' का विलोम शब्द क्या होगा?**

**(क) गंध (ग) महक**

**(ख) बदबू (घ) सुगंध**

**(iii) लेखिका को हफ़्ते में कितनी बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी?**

**(क) चार बार (ग) दो बार**

**(ख) हर रोज (घ) एक बार**

**(iv) चॉकलेट-टॉफ़ी का सबसे अधिक स्टॉक किसके पास रहता था?**

**(क) लेखिका के पास (ग) भाई-बहनों के पास**

**(ख) लेखक के पास (घ) डॉक्टर के पास**

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×2=6)**

**(क) लेखिका इतवार की सुबह क्या काम करती थी? वह अपने जूते कैसे साफ करती थी ?**

**(ख) चाँद से बातें कौन कर रहा है? उसे चाँद कैसा नज़र आ रहा है?**

**(ग) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा?**

**(घ) लेखिका बचपन में कौन-सी चीज़ें मजा लेकर खाती थी? उनकी पसंद के कुछ फलों के नाम लिखिए।**

************************************************************

**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-2**

**PERIODIC TEST -1 (2023 -24)**

**SUBJECT- HINDI**

**CLASS: VI** **MAX. MARKS: 20**

**DATE:25/05/2023** **TIME:40 MINUTES**

**सामान्य निर्देश: 1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं - खंड 'क' और खंड 'ख'।**

**2. कुल प्रश्नों की संख्या नौ है।**

**3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।**

---

## खंड 'क' (व्याकरण)

**निम्नलिखित प्रश्नों में से सही उत्तर वाले विकल्पों को छाँटकर लिखिए।**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?** **(1)**

(क) यह तो मेरी पुस्तक है। (ग) पुस्तक तो ये मेरी है।

(ख) यह पुस्तक मेरी तो हैं। (घ) यह तो मेरा पुस्तक है।

**प्रश्न 2.निम्नलिखित में से शुद्ध वर्ण-विच्छेद वाला विकल्प चुनिए।** **(1)**

(क) प्+अ+क्+ष्+इ=पक्षी (ग) प्+ऋ+थ्+अ+व्+ई=पृथ्वी

(ख) प्+ल्+ल्+अ+व्+अ=पल्लव (घ) क्+अ+म्+अ+ल्+अ=कमल

**प्रश्न 3.निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?** **(1)**

(क) तुम्हारे थैला बहुत भारी है। (ग) कल तुमने क्या काम करा था?

(ख) बच्चे छत पर खेल रहे हैं। (घ) लड़का ने पत्र लिखा।

**प्रश्न 4. 'यात्रा' शब्द का शुद्ध वर्ण-विच्छेद वाला विकल्प चुनिए।** **(1)**

(क) य्+आ+त्र्+आ (ग) या+त्+र्+आ

(ख) य्+आ+त्+र्+आ (घ) य+आ+त्रा

**प्रश्न 5. 'मरज़' शब्द के सही पर्यायवाची वाला विकल्प कौन-सा है?** **(1)**

(क) परेशानी,रोग (ग) बीमारी,रोग

(ख) दिशा,बीमारी (घ) चाँद,राकेश

## खंड 'ख' (साहित्य)

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।** **(3)**

(क) सयाना (ख) खीझना (ग) निरा

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। (2)**

**(क) खुशबू (ख) पोशाक**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प वाले उत्तर लिखिए। (4)**

**सामने जाखू का पहाड़। ऊँचा चर्च। चर्च की घंटियाँ बजतीं तो दूर-दूर तक उनकी गूँज फैल जाती। लगता, इसके संगीत से प्रभु ईशू स्वयं कुछ कह रहे हैं। सामने आकाश पर सूर्यास्त हो रहा है। दूर-दूर फैले पहाड़ों के मुखड़े गहराने लगे और देखते-देखते बत्तियाँ टिमटिमाने लगीं। रिज पर की रौनक और माल की दुकानों की चमक के भी क्या कहने ! स्कैंडल पॉइंट की भीड़ से उभरता कोलाहल। सरवर, स्कैंडल पॉइंट के ठीक सामने उन दिनों एक दुकान हुआ करती थी, जिसके शोरूम में शिमला-कालका ट्रेन का मॉडल बना हुआ था।**

**(i) जाखू का पहाड़ कहाँ पर है?**

**(क) दिल्ली में (ग) कश्मीर में**

**(ख) शिमला में (घ) मंसूरी में**

**(ii) ट्रेन के मॉडल वाली दुकान कहाँ थी?**

**(क) स्कैंडल पॉइंट के पीछे (ग) चर्च के सामने**

**(ख) जाखू के पहाड़ पर (घ) स्कैंडल पॉइंट के सामने**

**(iii) 'सूर्यास्त' का विलोम शब्द क्या होगा ?**

**(क) दिन (ग) सूर्योदय**

**(ख) सवेरा (घ) प्रभात**

**(iv) दुकान में किस ट्रेन का मॉडल बना हुआ था ?**

**(क) कालका-शताब्दी ट्रेन (ग) शिमला-कालका ट्रेन**

**(ख) लखनऊ मेल (घ) जम्मू-तवी ट्रेन**

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×2=6)**

**(क) 'बचपन' पाठ की लेखिका का नाम क्या है? उनके परिवार में सभी उन्हें क्या कहकर पुकारते थे ?**

**(ख) चाँद को क्या बीमारी है? उस बीमारी को असाध्य क्यों कहा गया है?**

**(ग) लेखिका कहाँ रहती थी? उनकी पसंद के कुछ फलों के नाम लिखिए।**

**(घ) 'बचपन' पाठ से मिलने वाले कोई दो संदेश लिखिए ।**

************************************************************